Regarding declining prices of Raisins

श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील **(सांगली) :** सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर केंद्रित करना चाहता हूं । मेरे महाराष्ट्र और खास करके मेरे सांगली जिले के जो किसान हैं, वे ज्यादातर खेती पर निर्भर हैं । अंगूर की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है और अंगूर से आगे जाकर किशमिश बनता है । किशमिश का एक्सपोर्ट होता है और अलग-अलग राज्यों में जाता है । इसलिए किसानों को इसमें ज्यादा अच्छी आमदनी मिलती है । दुर्भाग्य यह है कि किशमिश का जो भाव है, वह गिर रहा है । उसका कारण यह है कि चाइना का किशमिश, चाइना में अंगूर उपजाकर उससे जो किशमिश तैयार होता है, वह किशशिम नेपाल के माध्यम से अवैध रूप से भारत में स्मगल हो रहा है । स्मगल होने के कारण भारत के किशमिश के रेट गिर रहे हैं और किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं । मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि सरकार को यह इल्लीगल इम्पोर्ट बंद करना चाहिए । पहले जो किसान एक्सपोर्ट करते थे, उनको कुछ सब्सिडी दी जाती थी । उस सब्सिडी के कारण यहां डिमांड-सप्लाई मेंटेन रहता था और किसानों को अच्छी आमदनी मिलती थी । मेरी सरकार से विनती है कि वह सब्सिडी वापस से शुरु करें, एक्सपोर्ट के लिए किसानों को कुछ फायदा दें और इल्लीगल इम्पोर्ट बंद करायें । धन्यवाद ।

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य श्री धर्मबीर सिंह जी ।